# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक गोपाल जायसवाल, (निबंधन संख्या–2150770) पता– ग्राम–दुर्गापट्टी, खुटौना जिला–मधुबनी को अगले 10 (दस) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने संबंधी विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–1930 दिनांक 06.07.2021 के आलोक में संवेदक द्वारा दिनांक 05.08.2021 को समर्पित अभ्यावेदन पर दिनांक 01.12.2021 को पारति आदेश पर पुनर्विचार हेतु दिनांक 21.03.2025 को समर्पित पुनर्विचार अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

---

25/07/2025

## आदेश

याचिकाकर्त्ता/संवेदक गोपाल जायसवाल, (निबंधन संख्या–2150770) पता– ग्राम–दुर्गापट्टी, खुटौना जिला–मधुबनी एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नवगछिया उपस्थित।

प्रस्तुत मामला ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, नवगछिया के अधीन PMGSY योजनान्तर्गत L028 MMGSY Chhatu Singh Tola to Idmadpur (Package No. BR-06R-327) पथ निर्माण कार्य (एकरारनामा संख्याः– SBD-03/2017-18) एकरारित अवधि के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 21.07.2017 तथा कार्य समाप्ति की तिथि 20.07.2018 थी।

संदर्भित पथ का निर्माण कार्य एकरारित अवधि में पूर्ण नहीं करने के कारण संवेदक गोपाल जायसवाल, (निबंधन संख्या–2150770) पता– ग्राम–दुर्गापट्टी, खुटौना जिला–मधुबनी के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–1930 दिनांक 06.07.2021 द्वारा अगले 10 (दस) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक श्री गोपाल जयसवाल (निबंधन संख्याः–2150770) द्वारा दिनांक 05.08.2021 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के आलोक में विभागीय पत्रांक 7271 दिनांक 25.11.2021 द्वारा उक्त सुनवाई में उपस्थित रहने हेतु नोटिश निर्गत किया गया था, परन्तु संवेदक अनुपस्थित थे। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नवगछिया द्वारा उपस्थित होकर बताया गया कि उक्त संवेदक द्वारा ससमय कार्य नहीं किये जाने के कारण इनके एकरारनामा को विखंडित करते हुए काली सूची में सम्मलित किये जाने की कार्रवाई की गयी है। अपीलकर्त्ता द्वारा प्रस्तुत अपील अभ्यावेदन में भी ससमय कार्य नहीं किये जाने से सम्बन्धित कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। तदनुसार अपील अभ्यावेदन दिनांक 01.12.2021 को अस्वीकृत करते हुए वाद को निष्पादित की गयी।

उक्त कालीकृत आदेश एवं दिनांक 01.12.2021 को पारित आदेश पर पुनर्विचार हेतु संवेदक द्वारा पुनर्विचार अभ्यावेदन दिनांक 21.03.2025 को समर्पित किया गया।

पुनर्विचार अभ्यावेदन में यह उल्लेख करते हुए कि DPR के अनुसार इन्हें Fly Ash का प्रयोग करते हुए कार्य किया जाना था। Fly Ash NTPC द्वारा उपलब्ध कराया जाना था परन्तु NTPC द्वारा Fly Ash उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण संदर्भित पथ का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया। Revised DPR के अनुसार कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया, कार्य पूर्ण होने के पूर्व ही कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नवगछिया के पत्रांक 528 दिनांक 16.03.2020 के द्वारा एकरारनामा को विखंडित कर दिया गया।

एकरारनामा विखंडन के उपरान्त इनके द्वारा जमा अग्रधन राशि का भुगतान नहीं किया गया है और इनके विरूद्ध उप विकास आयुक्त, भागलपुर के समक्ष सर्टिफिकेट केस दर्ज किया गया है।

उपर्युक्त तथ्यों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए कालीकरण (Blacklist) आदेश को निरस्त किये जाने का अनुरोध किया गया।

उक्त पुनर्विचार अभ्यावेदन के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नवगछिया से प्राप्त प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि गोपाल जायसवाल को आवंटित कार्य का एकरारनामा विखिंडित किये जाने के उपरान्त उक्त कार्य के लिए पुनर्निविदा आमंत्रित कर ली गयी थी एवं विहित रिति से दूसरे एजेन्सी के माध्यम से कार्य पूर्ण करवा लिया गया है एवं वर्त्तमान में उक्त पथ अनुरक्षण अवधि के दूसरे वर्ष में है।

अतएव वर्णित तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त संवेदक गोपाल जायसवाल, (निबंधन संख्या–2150770) पता– ग्राम–दुर्गापट्टी, खुटौना जिला–मधुबनी को अगले 10 (दस) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने संबंधी सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–1930 दिनांक 06.07.2021 को निरस्त (Set aside) किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–03–167 / 2021 8493 / पटना, दिनांक– 5.8.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(मो0 सुल्तान अहमद)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–03–167 / 2021 8493 / पटना, दिनांक– 5.8.25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–03–167 / 2021 8493 / पटना, दिनांक– 5.8.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक:–14/अ0प्र0–03–167/2021 8493 /पटना, दिनांक 5.8.25

प्रतिलिपि:– संवेदक गोपाल जायसवाल, पता– ग्राम–दुर्गापट्टी, खुटौना जिला–मधुबनी, पिन कोड–847227 (मो0 नं0:–9934038159) को सूचनार्थ प्रेषित।

5/8/25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–167/2021 8493 /पटना, दिनांक– 5.8.25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/8/25

अभियंता प्रमुख